F.No.- CSU-LKO/2023-2024/Dir/01/

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर

कार्यालय आदेश — 169 दिनांक- 10.10.2023

छात्रावास मेस की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए निम्नलिखित छात्रों की एक समिति गठित की जाती है। समिति के सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे निम्नलिखित कार्य अनिवार्य रूप से करेंगे।

1. अश्विनी पाण्डेय, आचार्य द्वितीय वर्ष, मार्गदर्शक
2. हरिकेश पाण्डेय, शास्त्री द्वितीय वर्ष
3. सत्यम मिश्रा, प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष
4. रूपेश मेहता, शास्त्री प्रथम वर्ष
5. सत्यांजल त्रिपाठी, शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष
6. सत्यशरण मिश्र, प्राक्शास्त्री द्वितीय
7. दीपक शर्मा, शास्त्री तृतीय
8. मित्रसेन आर्य, शास्त्री तृतीय वर्ष
9. सौरव कुमार, प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष

समिति के सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि वे निम्नलिखित कार्य अनिवार्य रूप से करेंगे।

1. भण्डार की एक चाबी हरिकेश पाण्डेय के पास होगी। सत्यम मिश्रा समय-समय पर राशन आदि निकालकर पाचक को देंगे। सत्यांजल त्रिपाठी उसकी सहायता करेंगे।
2. सत्यशरण मिश्र एवं दीपक शर्मा भोजन परोसने में पाचक और सहायक की सहायता करेंगे।
3. मित्रसेन आर्य एवं सौरव कुमार भोजन एवं जलपान के समय मेस में उपस्थित रहेंगे और अनधिकृत रूप से मेस में आने वाले छात्रों को चिन्हित करेंगे और निदेशक को सूचित करेंगे।
4. हरिकेश पाण्डेय, सत्यम् मिश्रा एवं रूपेश मेहता सामग्री क्रय करने में डॉ. शेषमणि शुक्ल की सहायता करेंगे।
5. दुकान से सामान आने पर गाड़ी से स्टोर तक सामग्री रखना पाचक एवं सहायक का दायित्व होगा। पाचक एवं सहायक का यह भी दायित्व होगा कि कोई भी सामग्री डम्प न हो और पुरानी सामग्री पहले खर्च की जाय तथा नई सामग्री बाद में खर्च की जाय। पाचक एवं सहायक स्टोर रूम में साफ-सफाई का विशेष ध्यान दें।

इस कमेटी का कार्यकाल 30 नवम्बर 2023 तक होगा।

मेस मे उपस्थित सुरक्षा गार्ड का दायित्व होगा कि किसी भी छात्र को मेस कार्ड देखे विना मेस में प्रवेश न करने दें तथा थाली धोने के लिए बाथरूम में नहीं जाने दें, सुरक्षा गार्ड अनुशासन बनाने में सहयोग करें। बाजार से सब्जी इत्यादि आने पर उसका बिल देखना और सब्जी का बोरा इधर-उधर न फेंका रहे इसका विशेष ध्यान दें।

पाचक एवं सहायक को स्पष्ट निर्देश दिया जाता है कि प्रातः 8:00 बजे के पूर्व जलपान तैयार रखें। दिन में 1:00 बजे के पूर्व भोजन तैयार रखें। रात 8:00 बजे के पूर्व भोजन तैयार रखें। भोजन परोसने के लिए दो सहायक अनिवार्य रूप से लगायें। भोजन का स्थान रसोईघर एवं वर्तन पूर्ण रूप से साफ रखें। सामग्री एवं गैस सिलेण्डर की कमी 5 कार्य दिवस पूर्व लिखित रूप में निदेशक को सूचित करें। जलपान और भोजन निश्चित समय पर तैयार रहे पाचकगण इसका विशेष ध्यान दें।

(प्रो. सर्वनारायण झा)
निदेशक

प्रतिलिपि-

1 उपर्युक्त सभी को सूचनार्थ
2 छात्रवास सञ्चिका
3 छात्रवास वार्डेन (भरद्वाज एवं गार्गी छात्रवास)
4 कार्यालय आदेश सञ्चिका
5 श्री वेद प्रकाश, एलडीसी को सम्बद्ध सञ्चिका के लिए
6 प्रो. गुरुचरण सिंह नेगी, आईक्यूएसी समन्वयक को सूचनार्थ
7 वेबसाइट पर अपलोड हेतु श्री मुकुल कुमार मिश्र, तकनीकी सहायक
8 निदेशक कार्यालय प्रति श्री प्रवीण कुमार, डीईओ

निदेशक